हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार 27 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 9.7 डिग्री

14 प्रदेश के 298 सरकारी स्कूलों में एक भी नियमित...



14 सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर होगा...



## खबर संक्षेप

### महिला से 6.40 लाख की ठगी का आरोपी दबोचा

**अंबाला।** ऑनलाइन टास्क पूरा कर लाखों रुपये कमाने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। उप निरीक्षक रवि कुमार के नेतृत्व में अंबाला साइबर क्राइम पुलिस ने दो आरोपियों को लखनऊ से गिरफ्तार कर उनके खाते सीज करवा दिए हैं। आरोपियों की पहचान उन्नाव के संजीव और लखनऊ के विकास के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अप्रैल 2025 में आरोपियों ने उसे घर बैठे कमाई का लालच देकर 6.40 लाख रुपये की ठगी की थी।

### 4.40 लाख की ठगी का आरोपी किया गिरफ्तार

**अंबाला।** विदेश भेजने के नाम पर 4.40 लाख रुपये की ठगी करने वाले जालसाज को लुधियाना से पकड़ा गया है। आरोपी की पहचान न्यू कुलदीप नगर के दीपक कुमार उर्फ लक्की के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है। शिकायतकर्ता विशाल ने आरोप लगाया था कि दीपक ने उसे विदेश भेजने का झांसा देकर 4.40 लाख रुपये ठग लिए। पैसे वापस मांगने पर आरोपी ने उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया और जान से मारने की धमकी दी।


### सकसं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**पिहोवा।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा पिहोवा ब्लॉक के कर्मचारियों की मीटिंग पुराना रेस्ट हाउस में ब्लॉक प्रधान बलवान मोर ने की, जिसका संचालन ब्लॉक सचिव गुरचरण संधु ने किया। संयुक्त बयान में बलवान मोर और गुरचरण संधु ने कहा कि अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के 18 में राष्ट्रीय सम्मेलन में जो 23 से 26 जनवरी तक शिरडी महाराष्ट्र में आयोजित हुआ में पारित प्रस्ताव के अनुसार आज राष्ट्रीय मांग दिवस मनाने का निर्णय लिया है। आज पिहोवा के कर्मचारियों ने रेस्ट हाउस में इकट्ठा होकर यहां से प्रदर्शन करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंच कर हरियाणा सरकार और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। मांग दिवस मना कर एसडीएम पिहोवा को चीफ सेक्रेटरी के नाम ज्ञापन सौंपा।

## साइबर ठगों ने कस्टम अधिकारी बनकर महिला को फोन कर बनाया शिकार, जांच में जुटी पुलिस

# मैडम, आपके नाम आए पार्सल में सोना व फेक करंसी है... केस का डर दिखा 11. 27 लाख ठगे

*अलग-अलग तारीखों में जमा करवाए रुपये, और पैसे मांगे तो हुआ ठगी होने का शक*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

साइबर ठगों ने कस्टम अधिकारी बनकर व्यासपुर निवासी मुकेश कुमार से 11 लाख 27 हजार रुपये ठग लिए। आरोपियों ने मुकेश कुमार की पत्नी सोनिया को फोन कर उसे विदेश से पार्सल आने की बात कही। जिसमें गैर कानूनी तरीके से सोने व फेक करंसी आने की बात कही। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार व्यासपुर निवासी मुकेश कुमार ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी सोनिया रानी के मोबाइल पर 15 फरवरी को अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को कस्टम अधिकारी बताया। आरोपी ने कहा, मैडम आपने नाम विदेश से एक पार्सल आया है, जिसमें गैर कानूनी तरीके से सोने व फेक करंसी भेजी गई है। इसलिए उसकी जांच की जा रही है।

आरोपी की बात सुनकर उसकी पत्नी घबरा गई। उसकी पत्नी ने उसे फोन कर घटना के बारे में बताया। इसके बाद फिर से आरोपी व्यक्ति का फोन आया और आरोपी व्यक्ति ने पुलिस केस होने का डर दिखाया। बाद में आरोपी ने उसे बातों में उलझा कर अलग-अलग तारीख में 11 लाख 27 हजार रुपये अकाउंट में जमा करवा लिए। इसके बाद आरोपी और पैसे भेजने की बात कहने लगे। मगर जब उसे शक हुआ तो उसने आरोपियों को पैसे देने से मना कर दिया। इसके बाद आरोपियों का फोन नहीं लगा। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### न्यूजीलैंड का वर्क वीजा देने के नाम पर हड़पे 23 लाख

**कुरुक्षेत्र।** शाहाबाद में न्यूजीलैंड का वर्क वीजा देने के नाम पर मां-बेटी से पड़ोसी द्वारा 23 लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। आरोपी ने पैसे लेकर फर्जी वीजा थमा दिया। पोल खुली, तो आरोपी ने पासपोर्ट भी वापस नहीं किया, बल्कि मां-बेटी को जान से मारने की धमकी दी। महिला ने जमीन बेचकर आरोपी को पैसे दिए थे। हरप्रीत कौर निवासी वार्ड-10 ने पुलिस को बताया कि वह अपनी बेटी दलजीत कौर को विदेश भेजकर चाहती थी। इसी बीच पड़ोस में रहने वाले समीर उर्फ हनु से बातचीत हुई। समीर ने बताया कि वह और उसके दो साथी लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। उनका ऑफिस लाडवा रोड पर था। हम न्यूजीलैंड का वर्क वीजा (वर्क परमिट) पक्के तरीके से लगवाते हैं। 2 साल का वीजा मिलेगा, नौकरी भी पक्की होगी। पड़ोसी होने के नाते उस पर भरोसा कर लिया। समीर ने उसे अपने साथी अनुराग और अंकुश मिलवाया, जिन्होंने न्यूजीलैंड का वर्क वीजा दिलाने के लिए 23 लाख रुपए मांगे। बात तय होने उसने बेटी दलजीत का पासपोर्ट, फोटो, आधार के साथ 1 लाख रुपये कैश दिए। आरोपी बोले कि बस कुछ दिन इंतजार करो जल्द ही वीजा लग जाएगा। कुछ दिनों बाद अनुराग ने उसे ऑफिस बुलाया और 2 लाख मांगे। उसे कोई शक ना तो अनुराग ने अपने बैंक अकाउंट से 2-2 लाख के दो चेक उसे गारंटी के तौर पर दे दिए। उसने 2 लाख कैश दे दिए। फिर कुछ दिनों बाद एजेंट को देने की बात कहकर आरोपी उससे 14 लाख रुपये और कैश ले गए। इसके अलावा 6 लाख का एक चेक भूपिंदर के नाम पर दिया। आरोपियों ने 8 फरवरी 2024 को 6 लाख रुपए निकाल लिए। इस तरह 23 लाख रुपए लेकर आरोपियों ने उसके मोबाइल पर वीजा की फोटो भेज दी। बेटी ने न्यूजीलैंड जाने की तैयारी कर ली। इसके बाद असली पासपोर्ट और वीजा लेने गए तो आरोपी टालमटोल करने लगे। उन्होंने अपना ऑफिस बंद कर दिया और भाग गए। उसने मोबाइल पर भेजे वीजा की जांच करवाई तो फर्जी निकला। उसके पड़ोसी समीर ने पैसे वापस देने का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में पैसे देने की बजाय धमकी देने लगा। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

*परीक्षा में ड्यूटी दे रहे अफसरों व कर्मचारियों को पारदर्शिता के साथ कर्तव्य का निर्वहन करने के दिए निर्देश*



कुरुक्षेत्र। स्कूल का निरीक्षण करते डीसी विश्राम कुमार।

## डीसी ने ज्योतिसर राजकीय स्कूल में बोर्ड परीक्षा का किया औचक निरीक्षण

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि भिवानी बोर्ड की परीक्षाओं में नकल करने और करवाने वालों पर तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। ऐसे लोगों पर नजर रखने के लिए उड़न दस्तों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा पुलिस अधिकारी और कर्मचारी भी पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन कर रहे हैं। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कुरुक्षेत्र जिले के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करने के उपरांत अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इससे पहले उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने ज्योतिसर राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के परीक्षा केन्द्रों, एसडीएम एवं नगराधीश आशीष कुमार ने आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल के साथ-साथ अन्य परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। इतना ही नहीं डीएमसी अमन कुमार, एसडीएम शाहबाद डा.चिनार, एसडीएम लाडवा अनुभव मेहता,एसडीएम पिहोवा अनिल दून ने भी अपने-अपने अधीन परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में बनाए गए सभी परीक्षा केंद्रों में ड्यूटी देने वाले सुपरवाइजर, शिक्षक पूरी मेहनत और ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें, सभी के साझे प्रयासों से ही भिवानी बोर्ड की परीक्षाओं को नकल रहित और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाया जा सकता है। उन्होंने उड़न दस्ते के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने अधीनस्थ परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करेंगे और सायं तक चेकिंग रिपोर्ट प्रशासन को देना सुनिश्चित करेंगे। इस मामले में जरा सी भी लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

### रामगढ़ गांव में 8 बदमाशों ने दिनदहाड़े की वारदात

## स्कॉर्पियो सवारों ने दुकानदार को किया अगवा, अधमरा कर फेंका

- सीसीटीवी कैमरे में पहचान के बाद पुलिस ने दर्ज किया केस



**मुलाना।** रामगढ़ गांव में स्कॉर्पियो में आए 8 बदमाश दिनदहाड़े दुकान के सामने से व्यक्ति को अगवा कर ले गए। आरोपियों पर पीड़ित ने चलती गाड़ी में मारपीट की व गला दबाकर हत्या का प्रयास करने के आरोप लगाए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अधमरी हालत में दुकानदार को पंजलासा के पास गड्ढों में फेंककर भाग गए। यह वारदात सीसीटीवी में भी कैद हो गई। बलविंदर सिंह ने बताया कि बीते रोज शाम को वह गांव के बस अड्डे पर स्थित महिपाल की परचून दुकान पर सामान लेने गया था। तभी वहां एक काले रंग की स्कॉर्पियो आकर रुकी। गाड़ी से उतरे 3-4 युवकों ने उसे पीटना शुरू कर दिया और जबरन गाड़ी में डाल लिया। इसके बाद आरोपियों ने गाड़ी में उसके साथ जमकर मारपीट की। उसका गला तक दबाने का प्रयास किया। परिवादी ने बताया कि आरोपी अधमरी हालत में उसे पंजलासा के पास गड्ढों में फेंककर फरार हो गए। मुलाना पुलिस ने दुकानदार बलविंद्र सिंह की शिकायत पर मोहित, लक्की, सुभाष, अभि सहित चार अन्य पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपियों पर अपहरण 140(2), आर्म्स एक्ट, स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाने संयुक्त अपराध व आपराधिक षड्यंत्र रचने के तहत यह कार्रवाई की है।

### बकाया किराया न चुकाने पर 13 दुकानें होंगी सील

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा के निर्देश पर निगम की दुकानों का किराया न भरने वाले किराएदारों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है। प्रवर्तन दल ने 13 बकायादारों को अंतिम नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर बकाया जमा कराने को कहा है। निर्धारित समय सीमा के बाद दुकानों को सील कर निगम कब्जे में लेगा। इन 13 दुकानों में 10 दुकानें गांव उचानी, एक रामनगर और दो कम्बोपुरा की हैं। इन पर कुल 10 लाख 8 हजार 564 रुपये का बकाया है। निगमायुक्त ने बताया कि पहले भी नोटिस दिए गए थे, परंतु किराएदारों ने अनुपालन नहीं किया। अब हरियाणा नगर निगम अधिनियम 1994 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जानकारी दी कि वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक करीब 93 लाख रुपये की वसूली की जा चुकी है, जिसमें बकाया और ब्याज दोनों शामिल हैं। निगम ने सभी किराएदारों से अपील की है कि वे समय रहते किराया जमा कराकर सीलिंग की कार्रवाई से बचें।

# अमर विहार कॉलोनी में बाथरूम की छत पर मिला युवक का शव, पत्नी और साथी लापता

## गले में लिपटा था परना, शरीर पर चोट के निशान, हत्या की आशंका

- छानबीन में जुटी पुलिस, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही होगा मौत के असली कारणों का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर की अमर विहार कॉलोनी में एक युवक का शव संदिग्ध हालात में मकान के बाथरूम की छत पर मिला है। उसके गले में परना लिपटा था और शरीर पर चोट के निशान भी पाए गए हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि उसकी हत्या की गई है। वहीं दूसरी ओर युवक की पत्नी और उसी मकान में रहने वाला एक अन्य युवक फिलहाल लापता हैं।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जिला गोंडा निवासी 27 वर्षीय गुंजन अपनी पत्नी रीना के साथ अमर विहार कॉलोनी में किराये के मकान में रह रहा था। बताया जा रहा है कि उसके साथ एक अन्य युवक भी उसी मकान में रहता था।

वीरवार दोपहर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी कि मकान के बाथरूम की छत पर गुंजन का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस और सीन ऑफ क्राइम की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्राथमिक जांच में मामला संदिग्ध नजर आ रहा है। मृतक के गले में परना लिपटा हुआ था, जबकि शरीर पर चोट के कई निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है।



यमुनानगर के अमर विहार कॉलोनी में मृत मिले व्यक्ति के मामले में कार्रवाई करती पुलिस।

### लापता लोगों की तलाश जारी

पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि गुंजन की पत्नी रीना और उसके साथ रहने वाला युवक घटना के बाद से लापता हैं। दोनों के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। उधर, शहर जगाधरी थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। लापता व्यक्तियों की भी तलाश की जा रही है।

# सोने-चांदी के गहने-नकदी चुराने का आरोपी नौकर गिरफ्तार, वारदात के बाद घर को लगा दी थी आग

- चोरीशुदा सोने-चांदी के गहने व लाखों रुपये की नकदी बरामद, आरोपी को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस ने घर से चोरी करने के आरोपी नौकर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के नेतृत्व में थाना कृष्णा गेट पुलिस टीम ने घर से चोरी करने के आरोपी दीपक सिंह वासी ईस्माइलाबाद हाल वासी सेक्टर-7 कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके चोरीशुदा सोने-चांदी के गहने व लाखों रुपये की नकदी बरामद करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि 24 फरवरी 26 को थाना कृष्णा गेट पुलिस को दी अपनी शिकायत में प्रदीप अरोड़ा वासी रामनगर ने बताया कि 22 फरवरी 26 को अपने परिवार के साथ चंडीगढ़ शादी में गया हुआ था। जब वह शादी से वापस आ रहा था तो उसी समय उनके जानकर ने फोन पर बताया कि उसके घर में आग लगी हुई है तथा धुँआ निकल रहा। जब वह घर पहुंचा तो वहां पर फायर बिर्गेड व पुलिस मौजूद थी। आग पर काबू करने के बाद जब उसने अपने घर का सामान चैक किया तो घर से सोने-चांदी के गहने, करीब 33 लाख की नकदी तथा घरेलू सामान गायब मिले। जिसे कोई नामालूम चोर चोरी करके ले गया। जिसकी शिकायत पर थाना कृष्णा गेट में मामला दर्ज करके जांच की गई। थाना कृष्णा गेट प्रभारी निरीक्षक बलजीत सिंह के दिशा-निर्देश में सहायक उप निरीक्षक विजय कुमार की टीम ने घर से चोरी करने के आरोपी दीपक सिंह वासी ईस्माइलाबाद हाल वासी सैक्टर-7 कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से चोरीशुदा करीब 7 तोले सोन, करीब 1 किलोग्राम चांदी के गहने व 11 लाख रुपए की नगदी बरामद की गई। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि आरोपी ने घर में चोरी करने के बाद आग लगा दी थी ताकि घटना आगजनी की लगी ना कि चोरी की। आरोपी को माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया।



कुरुक्षेत्र। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया आरोपी।

### सूने घर से सोने और चांदी के आभूषण एक लाख रुपये की नकदी ले गए चोर

**यमुनानगर।** चोरों ने व्यासपुर छछरौली रोड पर पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास स्थित घर का ताला तोड़कर एक लाख रुपये की नकदी तथा लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सदस्य घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गए थे। वापस लौटने पर चोरी का पता चला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार व्यासपुर छछरौली रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के नजदीक रहने वाले मोहनलाल ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 17 फरवरी को घर का ताला लगाकर परिवार के अन्य सदस्यों के साथ किसी काम से बाहर गया था। 22 फरवरी को जब वह वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से अलमारी में रखे एक लाख रुपये तथा सोने व चांदी के जेवरात गायब मिले। चोरी हुए जेवरातों की कीमत करीब पांच लाख रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जरूरी सबूत जुटाए। बाद में पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### एचपीवी वैक्सीन से होगा सर्वाइकल कैंसर से बचाव का अभियान

## सीएम कल लाडवा से करेंगे प्रदेशव्यापी मुफ्त एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ

- कार्यक्रम की तैयारियों में लगी हुई हैं स्वास्थ्य विभाग की टीमें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए अब निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा बताया कि इस प्रदेशव्यापी अभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 28 फरवरी को लाडवा के रामकुंडी संस्थान के सभागार से करेंगे। जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीमें कार्यक्रम की तैयारियों में लगी हुई हैं। उपायुक्त ने आज यहां बातचीत करते हुए कहा कि देश में 28 फरवरी को एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। इस अभियान का राष्ट्रव्यापी शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजस्थान के अजमेर जिले से करेंगे इसके साथ ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेशव्यापी टीकाकरण अभियान का लाडवा से शुरू करेंगे।

इस प्रदेशव्यापी अभियान की तैयारियों को लेकर सीएमओ डॉ. सुखबीर सिंह और उनकी टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हुए हैं। इस टीम ने वीरवार को रामकुंडी धर्मशाला में तैयारियों का जायजा भी लिया है। जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे आम कैंसर है जिसका मुख्य कारण ह्यूमन पैपीलोमा वायरस है। इस एचपीवी वैक्सीन इस रोग के संक्रमण को रोकती है और सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी कम करती है।

### प्रशासन ने रिफाइनरी के ठेकेदारों के साथ की बैठक, सख्त चेतावनी दी

# जनवरी तक के वेजिज क्लियर करें, होली से पहले दें फरवरी की सैलरी

- श्रमिकों की जरूरतों को समझें, वादाखिलाफी न करें : एसपी
- श्रमिकों के सभी वेजिज टाइम पर ने देने पर होगी कार्रवाई : कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत





पानीपत रिफाइनरी में श्रमिकों के वेतन और भत्तों को लेकर उपजे विवाद को सुलझाने हेतु जिला सचिवालय में वीरवार को जिला प्रशासन के साथ रिफाइनरी के सभी ठेकेदारों की बैठक ली गई, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने की। बैठक में एसपी भूपेन्द्र सिंह और डायरेक्टर (रिफाइनरीज) अरविन्द कुमार, आईओसीएम के कार्यकारी निदेशक प्रभारी पानीप रिफाइनरी एमएल डेहरिया व डीईटीसी सार्थक कोहली भी उपस्थित रहे। वहीं, डीसी डॉ. दहिया ने सभी ठेकेदारों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि सभी ठेकेदार अपनी लेबर को बुलाकर शुक्रवार तक उनकी पेंमेंट करवाना सुनिश्चित करें, यही नहीं फरवरी की सैलरी भी होली से पहले देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी ठेकेदार यह भी सुनिश्चित करें कि सभी श्रमिकों का 12 प्रतिशत पीएफ काटा गया है और 13 प्रतिशत ठेकेदारों की ओर से जमा करवाया गया है, कुल 25 प्रतिशत पीएफ होना चाहिए। यह रिकार्ड दुरुस्त कर प्रशासन को उपलब्ध करवाएं। अगर किसी भी स्तर पर कोई गड़बड़ी पाई गई तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। सभी ठेकेदार अपने सुपरवाइजरों व अन्य सबकांट्रेक्टरों के माध्यम से श्रमिकों के साथ संवाद स्थापित करें और उन्हें ये बाते भी बताएं।

### आईओसीएल अधिकारियों-श्रमिकों की बैठक बेनतीजा

पानीपत रिफाइनरी के विभिन्न प्रोजेक्ट्स में कंपनियों के ठेकेदारों के तहत कार्यरत करीब 40 मजदूर अपने वेतनमान में वृद्धि की मांग को लेकर अड़ गए है। वहीं, आंदोलनकारी श्रमिकों ने वीरवार को भी काम बंद हडताल की और अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। इधर, प्रशासनिक, आईओसीएल के अधिकारियों के साथ श्रमिकों की बैठक बेनतीजा रही और मजदूरों ने शुक्रवार को भी हड़ताल पर रहने की घोषणा की है। श्रमिक आंदोलन के मद्देनजर रिफाइनरी क्षेत्र में पुलिस बल तैनात है। वहीं हर हालात से निपटने के लिए पुलिस दंगा विरोधी दस्ता, टियर गैस गाड़ी, वाटर कैनन आदि भी तैनात किया गया है। इधर, श्रमिकों के गर्म तेवर देख रिफाइनरी क्षेत्र करनाल व कैथल और मधुबन से भी पुलिस बल को बुलाया गया है।

### आईओसीएल अधिकारियों-श्रमिकों की बैठक बेनतीजा

एसपी ने कहा कि पानीपत जिले में रिफाइनरी के पास लगते शराब के ठेके को आगामी आदेशों तक बंद करने और करनाल की तरफ नाके लगाने के निर्देश दिए गए हैं। डायरेक्टर (रिफाइनरिज) अरविंद कुमार ने कहा कि जो चार्टर ऑफ डिमाण्ड श्रमिकों की तरफ से दिया गया है उसमें देखा जाए तो उनकी सभी मांगें जायज हैं, फिर भी उनके हितों से खिलवाड़ किया जा रहा है। अगर किसी कम्पनी से समय पर अदायगी नहीं की तो आईओसीएल उस कम्पनी को रिफाइनरी से ब्लैक लिस्ट करेगा व दूसरे सार्वजनिक क्षेत्रों में भी ब्लैक लिस्ट करवाएगा।

# करनाल में ईडी की बड़ी कार्रवाई; भाजपा से जुड़े बड़े कारोबारी के घर छापेमारी से हड़कंप

- चौधरी कॉलोनी में सुबह 8 बजे दाखिल हुई टीम, सुरक्षा रही कड़ी
- किसी सदस्य को बाहर आने-जाने की नहीं मिली अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

हरियाणा के करनाल जिले में आज प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। मिली जानकारी के अनुसार, सत्ताधारी दल भाजपा से जुड़े एक रसूखदार और बड़े कारोबारी के आवास पर सुबह-सवेरे छापेमारी की गई, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूत्रों के मुताबिक, ईडी की यह टीम सुबह करीब 8 बजे शहर की चौधरी कॉलोनी स्थित नीरज गुप्ता के मकान पर पहुंची।

टीम के साथ सुरक्षा बल की टुकड़ियां और कई गाड़ियां मौजूद थीं। टीम के अंदर दाखिल होते ही घर के बाहर सुरक्षा का कड़ा पहरा बैठा दिया गया।

सुरक्षा इतनी सख्त है कि अंदर मौजूद किसी भी सदस्य को बाहर आने या किसी बाहरी व्यक्ति को अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है।

### दस्तावेजों और रिकॉर्ड्स की गहन जांच जारी

जांच एजेंसी के अधिकारी घर के अंदर लगातार रिकॉर्ड्स और वित्तीय दस्तावेजों को खंगाल रहे हैं। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह छापेमारी किस विशेष मामले या घोटाले के सिलसिले में की जा रही है। स्थानीय प्रशासन और ईडी की ओर से कोई भी आधिकारिक बयान साझा नहीं किया गया है, जिससे पूरे मामले में सस्पेंस बना हुआ है। फिलहाल पूरी कॉलोनी में इस कार्रवाई को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।

## खबर संक्षेप

### बिल न भरने पर निगम ने काटा कनेक्शन

**करनाल।** करनाल के पटवारखाने में एक बार फिर सरकारी सिस्टम की लापरवाही का बड़ा उदाहरण सामने आया है। बिजली निगम ने नियमों का हवाला देते हुए पटवारखाने की बिजली सप्लाई काट दी है। कारण यह है कि विभाग की ओर से लंबे समय से बिजली का बिल जमा नहीं कराया गया था, जो अब बढ़कर 6,46,159 रुपये (लगभग 6.46 लाख) हो चुका है। बिजली गुल होने के कारण पटवारखाने में लगे सभी कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बंद पड़े हैं। इसकी वजह से जमीन की रजिस्ट्री, इंतकाल और अन्य महत्वपूर्ण ऑनलाइन कार्य पूरी तरह से रुक गए हैं। दफ्तर में अंधेरा पसरा हुआ है और पटवारियों की कुर्सियां खाली नजर आ रही हैं। दफ्तर के चक्कर काट रहे करनाल निवासी संदीप, विनोद, राधेश्याम और रिंकू ने अपना दुखड़ा सुनाते हुए कहा कि वे कई दिनों से अपने काम के लिए भटक रहे हैं। संदीप ने बताया, \₹मेरा काम लगभग पूरा हो चुका था, लेकिन दो दिन से बिजली न होने के कारण मेरी फाइल आगे नहीं बढ़ पा रही है।\₹ लोगों का आरोप है कि उन्हें अक्सर यह कहकर टाल दिया जाता है कि बिजली नहीं है, जिससे उनके समय और पैसे दोनों की बर्बादी हो रही है।

### स्वामी ज्ञानानंद महाराज का आशीर्वाद लिया

**तरावड़ी।** तरावड़ी मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता के नेतृत्व में श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति तरावड़ी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने परम पूज्य स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने समाज सेवा के कार्यों को और अधिक गति देने का संकल्प लिया। मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता ने कहा कि स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सान्निध्य में पहुंचकर सभी को आध्यात्मिक शांति और नई ऊर्जा का अनुभव हुआ है। उन्होंने कहा कि महाराज जी के आशीर्वाद से समिति की कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमे प्रवीण गर्ग, प्रदीप गुप्ता, विरेन्द्र बंसल को संरक्षक, संयोजक धीरज वालिया, प्रधान सुभाष चन्द गुप्ता, उपप्रधान रणदीप चौधरी, रामेश्वर शर्मा, नरेश अरोड़ा, सचिव रंजीत भारद्वाज, कोषाध्यक्ष रामनिवास बंसल, प्रवक्ता योगेश मिडडा, सदस्य राजीव नारंग, सचिनगर्ग,राकेश हंस आदि रहे।

जिला सचिवालय पहुंचकर मुख्य सचिव के नाम सौंपा ज्ञापन

# राष्ट्रीय मांग दिवस पर सर्व कर्मचारी संघ ने किया जोरदार प्रदर्शन

### सरकार की नीतियों के विरोध में नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

राष्ट्रीय मांग दिवस के अवसर पर सर्व कर्मचारी संघ ने करनाल में जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारी राजीव गांधी विद्युत सदन से रैली निकालते हुए जिला सचिवालय पहुंचे और तहसीलदार को मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा।

जिला प्रधान सुशील गुर्जर और जिला सचिव सेवाराम बड़सर के नेतृत्व में कर्मचारियों ने सरकार की नीतियों के विरोध में नारेबाजी की। वक्ताओं ने कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने, पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, श्रम संहिताएं रद्द करने, खाली पदों को नियमित आधार पर भरने तथा वेतन संशोधन की मांग उठाई। नेताओं ने चेतावनी दी कि मांगें न मानी गईं तो आने वाले समय में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में विभिन्न विभागों के कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



करनाल। राष्ट्रीय मांग दिवस पर मांगों को लेकर प्रदर्शन करते सर्व कर्मचारी संघ के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### प्रशासन की चुप्पी से बढ़ रही नाराजगी

जिला प्रवक्ता सुरेंद्र सांगवान ने कहा कि प्रशासन की चुप्पी किसानों में नाराजगी बढ़ा रही है। धरनास्थल पर बाबू राम शर्मा, ओम प्रकाश, किरण पाल शर्मा, वेदपाल शेखपुरा, करनैल सिंह शर्मा, बिलाल कुरैशी, कृष्ण नंबरदार, समीर, दीपक बढ़ाणा, मनदीप बदरहण, दविंद्र सांगवान, भीम सिंह सांगवान, सतीश कुमार रिंडल, बजरंगी, सीला सगवाल, तारा चंद शर्मा, चांदवीर बदरहण, एसपी त्यागी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। सभी ने एकजुटता के साथ आंदोलन जारी रखने का संकल्प लिया।

### सर्विस लेन की मांग पर 21वें दिन भी जारी धरना

**करनाल।** करनाल रिंग मार्ग पर सर्विस लेन निर्माण की मांग को लेकर किसानों का धरना 21वें दिन भी जारी रहा। भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में चल रहे इस आंदोलन में किसानों की संख्या लगातार बढ़ रही है और संगठनात्मक मजबूती स्पष्ट दिखाई दे रही है। धरने की अध्यक्षता पूर्व सरपंच दया सिंह काजल ने की। उन्होंने कहा कि किसान शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से अपनी जायज मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा लगातार अनदेखी की जा रही है। यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।किसान लगातार संवाद की मांग कर रहे हैं, परंतु अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि जब तक सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, धरना जारी रहेगा।



करनाल। धरने में मौजूद भाकियू के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।



### हारे का सहारा खाटू श्याम : भक्ति में डूबा करनाल

**करनाल।** श्री खाटू श्याम मंदिर में आयोजित फाल्गुन महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। "हारे का सहारा बाबा खाटू श्याम हमारा" के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। श्रद्धालु प्रतिदिन बड़ी संख्या में पहुंचकर बाबा के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

महोत्सव के आठवें दिन गौरव शान और सपना सूफी ने अपने मधुर एवं भावपूर्ण भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। "हम हारे हारे हारे, तुम हारे के सहारे", "मेरे सिर पर रख बाबा अपने ये दोनों हाथ", "लगन तुमसे लगा बैठे जो होगा देखा जाएगा", "सांवली सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया" जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। सीए विपुल गोयल ने जानकारी दी कि 27 फरवरी को एकादशी के अवसर पर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ महोत्सव में पहुंचकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देंगे।



### जिला सचिवालय में स्थायी समिति की बैठक

**करनाल।** जिला में कन्या भ्रूण हत्या रोकने और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला स्थायी समिति की बैठक अतिरिक्त उपायुक्त योगेश मेहता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कम लिंगानुपात वाले गांवों में विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। अतिरिक्त उपायुक्त ने पाढ़ा, काछवा सहित अन्य प्रभावित गांवों में कारणों का विश्लेषण कर जनजागरूकता बढ़ाने को कहा। विद्यालयों और महाविद्यालयों में युवा वर्ग को चलचित्रों के माध्यम से जागरूक करने की योजना पर भी चर्चा हुई। सिविल सर्जन डॉ. पूनम चौधरी ने बताया कि जनवरी माह में जिले का लिंगानुपात 940 था, जो 25 फरवरी तक बढ़कर 972 पहुंच गया है। आशा, एएनएम और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से गांव स्तर पर निरंतर बैठकें की जा रही हैं।

# विराट हिंदु सम्मेलन एक मार्च को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

शहर की नई अनाज मंडी में भव्य हिंदू सम्मेलन मानने की तैयारी शुरू हो चुकी है। समिति घर घर जाकर सम्मेलन में शामिल होने का न्योता दे रही है। इसी के साथ विभिन्न वर्गों के साथ बैठकों का दौर भी चल रहा है। जिसको लेकर वीरवार को रेस्ट हाउस पर शहर के नगर पार्षदों व अन्य कई संगठनों की बैठक हुई। जिसमें समिति के अध्यक्ष ईश्वर गुप्ता, नगरपालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित भंडारी, शेरू विग, पार्षद अमित गुप्ता, पार्षद अश्विनी राणा, पार्षद सोमनाथ प्रजापति, सुरेंद्र जैन,पार्षद प्रतिनिधि जयभगवान सेन, कमल धीमान,सुरेंद्र सैनी, सहित अन्य लोगों ने मुख्य रूप से शिरकत की। उन्होंने बताया कि



घरौंडा। रेस्ट हाउस पर हिदु सम्मलेन को लेकर चर्चा करते विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

एक मार्च को नई अनाज मंडी में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे संतों का आगमन होगा। उन्होंने बताया कि एक मार्च को सुबह नई अनाज मंडी में हवन यज्ञ होगा और उसके बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। बाद में भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन में हवन यज्ञ में पूर्ण आहूति डालने के लिए शहर के लोगों को आह्वान किया जा रहा है और साथ ही दुकानदारों को सामग्री भी वितरित की जा रही है।

# असंध विकास के मुद्दे विधानसभा में गूंजे

■ विधायक योगेन्द्र राणा ने शून्यकाल में स्वास्थ्य, सड़क और खेल सुविधाओं पर रखी प्रमुख मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| असंध/करनाल

हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र 2026-27 के दौरान असंध से भाजपा विधायक योगेन्द्र राणा ने शून्यकाल में अपने क्षेत्र की महत्वपूर्ण समस्याओं को जोरदार ढंग से सदन के पटल पर रखा। उन्होंने प्रदेश में भाजपा सरकार के 11 वर्षों के विकास कार्यों की सराहना करते हुए असंध के लिए स्वास्थ्य, प्रशासनिक, बुनियादी ढांचे, कृषि और खेल से जुड़ी कई अहम मांगें उठाईं।



प्रशासनिक एवं आधारभूत ढांचे के संबंध में उन्होंने जुण्डला में उप-तहसील स्थापित करने की मांग रखी, ताकि ग्रामीणों को राजस्व कार्यों के लिए दूर न जाना पड़े। इसके साथ ही करनाल-जींद मार्ग को चार लेन करने, पुरानी पत्थर वाली पाइप लाइनों को बदलकर नई पाइप लाइनें बिछाने की आवश्यकता पर बल दिया। कृषि एवं खेल क्षेत्र की मांगों में उन्होंने असंध की नई विस्तारित अनाज मंडी में दुकानों की बोली मार्च या अप्रैल में सुनिश्चित करने, जयसिंहपुरा खेल स्टेडियम में प्रशिक्षक की नियुक्ति व खेल उपकरण उपलब्ध कराने तथा क्षेत्र की ई-पुस्तकालय में पर्याप्त पुस्तकें और उच्च गति इंटरनेट सुविधा देने का आग्रह किया। विधायक ने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में ये सभी मांगें जल्द पूरी होंगी।

### विधायक ने स्वास्थ्य सेवाओं का उठाया मुद्दा

विधायक राणा ने सबसे पहले स्वास्थ्य सेवाओं का मुद्दा उठाते हुए कहा कि प्रेरणा रियलटेक प्राइवेट लिमिटेड के पास अस्पताल निर्माण का कार्य लंबित है और पिछले एक महीने से काम बंद पड़ा है, जिसे तुरंत शुरू कराया जाए। उन्होंने उपलाना की जर्जर घोषित भवन के पुनर्निर्माण तथा पोपड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की चारदीवारी का कार्य शीघ्र पूरा करवाने की भी मांग की।



तरावड़ी। कथा में शहर के गणमान्य लोग कथा व्यास आरती किशोरी जी को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### तरावड़ी में भागवत कथा के दौरान शहर के गणमान्य

**तरावड़ी।** नगर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान आज का दिन विशेष रूप से सम्मान समारोह के रूप में मनाया गया। कथा व्यास आरती किशोरी जी ने कथा के दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर 521 चावल के निर्माता पंकज गोयल, मंडी एसोसिएशन के प्रधान सुभाष गुप्ता, मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन राजीव नारंग, समाजसेवी सचिन गर्ग, कृष्णचन्द सिंगला तथा समाजसेवी हंसराज पाहुजा सहित अन्य गणमान्य नागरिकों को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कथा व्यास आरती किशोरी जी ने कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में ऐसे कर्मठ एवं सेवाभावी लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने सभी सम्मानित व्यक्तियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि धर्म और सेवा का मार्ग ही समाज को नई दिशा देता है। सम्मानित अतिथियों ने भी आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, भाईचारा और आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ती है।

# नगर पालिका ने चालान काटकर लौटाया अतिक्रमण का सामान, एसोसिएशन ने दिया लिखित आश्वासन

■ नगर पालिका कार्यालय में दिनभर दुकानदारों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए नगर पालिका तरावड़ी द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत कल जब्त किए गए दुकानदारों के सामान को आज चालान काटने के बाद वापस लौटा दिया गया। नगर पालिका कार्यालय में दिनभर दुकानदारों की भीड़ लगी रही, जहां संबंधित दुकानदारों से जुर्माना वसूल कर उनका सामान सुपुर्द किया गया। इस दौरान मार्केट एसोसिएशन के



तरावड़ी। नगरपालिका कर्मचारी दुकानदारों को लिखित मे सामान लौटाते हुए।

पदाधिकारियों ने नगर पालिका प्रशासन को लिखित में आश्वासन दिया कि भविष्य में कोई भी दुकानदार सडक़ पर सामान रखकर अतिक्रमण नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि यदि आगे से कोई दुकानदार नियमों का उल्लंघन करता हुआ पाया गया तो उस पर भारी जुर्माना लगाने की कार्रवाई का वे स्वयं भी समर्थन करेंगे।र मार्केट एसोसिएशन ने होली के त्योहार को देखते हुए प्रशासन से दो दिन की अतिरिक्त मोहलत भी मांगी, ताकि व्यापारी अपने त्योहार संबंधी सामान की बिक्री व्यवस्थित रूप से कर सकें। इस पर प्रशासन ने नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत देते हुए सीमित समय के लिए छूट प्रदान की। नगर पालिका अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर की सडक़ों और बाजारों को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने सभी दुकानदारों से अपील की कि वे स्वयं आगे आकर नियमों का पालन करें, ताकि आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर कई दुकानदारों के चालान काटे गए और उनसे लिखित सहमति लेकर उनका सामान वापस सौंपा गया।



### मां बाला सुंदरी मंदिर का स्थापना दिवस मनाया

**घरौंडा।** माँ बाला सुंदरी मंदिर (देवी मंदिर) रेलवे रोड का 11 वें स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह हवन यज्ञ के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ में शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने पूर्ण आहूति डाल कर शहर के सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर के स्थापना दिवस से एक दिन पहले 24 घंटे का अखंड रामायण पाठ रखा गया था। देवी मंदिर के आचार्य मणि प्रसाद गौतम जी ने अपने श्रद्धालुओं के साथ रामायण पाठ किया। रामायण पाठ के समापन के बाद हवन यज्ञ किया गया। हवन यज्ञ में नगरपालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता, पार्षद अमित गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि जयभगवान सेन, भाजपा नेता सुरेंद्र जैन, नरेंद्र प्रजापति, राजेश धीमान, संदीप अग्रवाल सहित सैकड़ों महिला पुरुषों ने आहूति डाली। आचार्य मणि प्रसाद गौतम ने बताया कि देवी मंदिर शहर का बहुत पुराना मंदिर है, लेकिन 2016 ने मंदिर का नवीनीकरण किया गया था और सभी देवी देवताओं की प्रतिमा भी स्थापित की गई थी। उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों की तरह भी इस वर्ष भी स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्थापना दिवस की लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह नजर आया।

# जब मन निर्मल और प्रेम से भरा होता है, तब प्रभु स्वयं उसमें वास करते हैं : किशोरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

नगर के नगरपालिका रोड स्थित भवन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास आरती किशोरी जी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मनोहारी वर्णन किया। कथा में आज विशेष रूप से बाल लीला, माखन चोरी तथा गोवर्धन पूजा के प्रसंगों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं



केवल मनोरंजन नहीं बल्कि गहन आध्यात्मिक संदेश से परिपूर्ण हैं। उन्होंने माखन चोरी के प्रसंग को समझाते हुए बताया कि भगवान का माखन चुराना जीव के हृदय रूपी माखन को प्राप्त करना है। जब मन निर्मल और प्रेम से भरा होता है, तब प्रभु स्वयं उसमें वास करते हैं। गोवर्धन पूजा के प्रसंग में उन्होंने बताया कि किस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के अभिमान को तोड़ते हुए गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी उंगली पर उठाकर समस्त ब्रजवासियों की रक्षा की। यह प्रसंग हमें अहंकार त्यागकर प्रकृति और गोवंश की सेवा का संदेश देता है। कथा के दौरान गोवर्धनधारी लाल की जय के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भजन-कीर्तन के साथ भगवान की आराधना की।

बदलते वैश्विक परिदृश्य में महिला नेतृत्व पर की विस्तार से चर्चा

# देश में महिलाओं का नेतृत्व समय की मांग : रेखा शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

डीएवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा निदेशालय के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा "बदलते वैश्विक परिदृश्य में महिला नेतृत्व" विषय पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से किया गया। देश-विदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्वानों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों तथा विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

मद्घाटन व्याख्यान में पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के राजनीति विज्ञान विभाग की अध्यक्ष



प्रोफेसर पंमा मुखर्जी ने कहा कि दक्षिण एशिया में महिला नेतृत्व का इतिहास अत्यंत गौरवपूर्ण रहा है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, गीता गोपीनाथ, रोशनी नाडर मल्होत्रा तथा किरण मजूमदार का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाएं शासन, अर्थव्यवस्था और उद्योग जगत में नई ऊंचाइयां स्थापित कर रही हैं।

मुख्य वक्ता डॉ. रेखा सक्सेना ने कहा कि वैश्विक स्तर पर महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने से पहले भारत में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करना होगा। पंचायतों से संसद तक महिलाओं की भागीदारी लोकतंत्र को सशक्त बना रही है। संगोष्ठी की अध्यक्षता महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी के पूर्व कुलपति प्रोफेसर डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सामाजिक बंधनों से ऊपर उठकर शिक्षा, विज्ञान, वाणिज्य और राजनीति में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। सामाजिक कुरीतियों के बावजूद महिलाओं की उपलब्धियां सराहनीय हैं। प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ. विकास सभ्रवाल ने की तथा सह-अध्यक्ष के रूप में डॉ. संतोष यादव उपस्थित रहीं। विभिन्न वक्ताओं ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। द्वितीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ. कुशल पाल सिंह ने की तथा सह-अध्यक्ष के रूप में डॉ. विपिन कुमारी मौजूद रहीं। बांग्लादेश और तंजानिया से आए विद्वानों ने भी अपने विचार रखे। समापन सत्र में संयोजक डॉ. बलराम शर्मा ने संगोष्ठी की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।

### महिलाओं की घरेलू जिम्मेदारियों से दिशा मिली

मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्षा रेखा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं की घरेलू जिम्मेदारियों से ही समाज को दिशा मिली है। परिवार प्रबंधन की क्षमता ही नेतृत्व का प्रारंभिक रूप है। उन्होंने कहा कि जब तक महिलाएं राजनीति में सक्रिय रूप से भागीदारी नहीं करेंगी, तब तक नीति-निर्माण में उनकी प्रभावी हिस्सेदारी सुनिश्चित नहीं हो पाएगी। महिलाओं में संवेदनशीलता, दूरदर्शिता और संगठन क्षमता होती है, जो समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करती है।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली

**पानीपत।** गवर्नमेंट मॉडल हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाल कर नूरवाला क्षेत्र निवासियों को प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने, मादक पदार्थों का त्याग करने की अपील की। रैली को मुख्य अध्यापक विनोद सिंगला, अध्यापक मंजीत सिंह व डाइट पानीपत से एसोसिएट प्रोफेसर मनीषा कादियान ने झंडी दिखाकर रवाना किया था।

### खेतों में डाला जा रहा है प्रदूषित पानी

**पानीपत।** पानीपत के गांव कुराड़ निवासी किसान रणबीर देशवाल ने उपायुक्त डा.वीरेंद्र दहिया को पत्र लिखकर बताया कि गांव में तालाब के पास फैक्टरी से केमिकल युक्त पानी डंपरों के माध्यम से खेतों में डाला जाता है। जिसके कारण आने जाने वाला रास्ता और आस पास की उनकी फसल खराब हो चुकी है। यही नहीं यहां खड़े गंदे पानी से आनी वाली बदबू के चलते खेत में काम करना भी मुश्किल हो गया है। डीसी से न्याय की अपील की है।

### 21 नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे

**पानीपत।** जिला सचिवालय में आयोजित जनता समाधान शिविर में 21 नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इस दौरान फैमिली आईडी, दिव्यांग पेंशन, नगर निगम सेवाओं और पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। वहीं, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने स्वयं नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कैंप में पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह, नगर निगम संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी, सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन कृष्ण आर्य, गुलशन व सुरेंद्र आदि उपस्थित रहे।

### श्रमिकों की मांगें पूरी हों: राजेंद्र

**पानीपत।** अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन राज्य कमेटी हरियाणा एवं जिला कमेटी पानीपत रिफाइनरी में चल रही निर्माण मजदूरों की हड़ताल के साथ अपनी एकजुटता प्रकट करती है। खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन राज्य महासचिव एवं जिला सचिव राजेंद्र ने हड़ताली मजदूरों द्वारा उठाई गई तमाम मांगों का समर्थन करते हुए उनकी मांगों को पूरी करने की अपील जिम्मेदारों से की है।

### भाकपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया

**पानीपत।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने 60 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी नागरिकों को बिना किसी शर्त के 5000 रुपये मासिक सम्मान पैंशन देने, काटे गए बीपीएल राशन कार्ड बहाल करने, अमेरिका के साथ ट्रेड डील रद करने आदि मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को सीपीआई के राज्य सचिव का. दरियाव सिंह कश्यप, जिला सचिव पवन कुमार सैनी एडवोकेट, किसान नेता का. मामचंद सैनी आदि ने राष्ट्रपति व मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र भेजे है।

## वाईआरसी कार्यकर्ताओं ने नशे के विरुद्ध मेगा रैली निकाली

# शिक्षण संस्थाओं में लागू हो वाईआरसी : डॉ. अरोड़ा

प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि रेडक्रॉस एक शानदार और वैचारिक रूप से प्रेरित करने वाली सेवा इकाई है



**पानीपत।** एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, अतिथियों को स्मृति चिंह भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में आयोजित पांच दिवसीय जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन की विधिवत शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई जिसे मुख्य अतिथि अंकुश मिगलानी उपाध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा एवं सैंट जॉन एम्बुलेंस ने फहराया और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। तत्पश्चात विशिष्ट मेहमान डॉ. पंकज चौधरी असिस्टेंट प्रोफेसर पानीपत और डॉ. राकेश गर्ग ने अपने-अपने विषयों और अनुभव को कार्यकर्ताओं और काउंसलरस के समक्ष रखा। हरमेश चंद कैंप निदशक ने सभी कार्यकर्ताओं को रेड क्रॉस के कार्यों और उपयोगिता के बारे में बताया। चौथा दिन करियर काउंसलिंग, पर्यावरण संरक्षण एवं पौधरोपण, ड्रग एब्यूज जैसे विषयों पर केन्द्रिय रहा।

वहीं, वाईआरसी कार्यकर्ताओं ने ड्रग एडिक्शन के खिलाफ विशाल जन चेतना रैली में भी भाग लिया जिसे मुख्य अतिथि अंकुश मिगलानी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि रेडक्रॉस एक शानदार और वैचारिक रूप से प्रेरित करने वाली सेवा इकाई है। यदि वाईआरसी को स्कूलों और कॉलेजों में हर विद्यार्थी के लिए अनिवार्य कर दिया जाए और इसे पाठ्यक्रम के भाग के रूप में एकीकृत कर दिया जाए तो इसके जो फायदे हमें मिलेगे उनकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते है।

# विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय का शैक्षणिक भ्रमण किया

## पुस्तकों से मित्रता करें विद्यार्थी: डॉ. मलिक



**पानीपत।** आईबी कॉलेज के विद्यार्थी लाइब्रेरी की गतिविधियों की जानकारी लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आईबी पीजी कॉलेज, पानीपत के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा बीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। वहीं, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने अपने संदेश में कहा कि अनुशासन, निरंतर अध्ययन तथा सकारात्मक दृष्टिकोण ही सफलता की कुंजी है। उप-प्राचार्या डॉ. किरण मदान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुस्तकालय किसी भी शिक्षण संस्था का "ज्ञान का केंद्र" होता है। नियमित अध्ययन, समसामयिक विषयों का ज्ञान तथा शोध-उन्मुख दृष्टिकोण विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पुस्तकालय का नियमित उपयोग करने हेतु प्रेरित किया। भ्रमण के दौरान महाविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. प्रवीण कुमार ने विद्यार्थियों को पुस्तकालय की संरचना, पुस्तकों के वर्गीकरण तथा पुस्तक खोजने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को ओपीएसी सॉफ्टवेयर का व्यावहारिक प्रदर्शन कर यह समझाया कि किस प्रकार विद्यार्थी ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से किसी भी पुस्तक की उपलब्धता, लेखक, विषय एवं प्रकाशन वर्ष की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# पानीपत के हर गांव को तंबाकू मुक्त करेंगे

- युवाओं के स्वास्थ्य से समझौता नहीं, सख्ती से करवाई जाएगी कानून की पालना : डॉ. वीरेंद्र दहिया



**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया स्वास्थ्य व शिक्षा अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

जिला सचिवालय सभागार में गुरुवार को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला टास्क फोर्स (प्रवर्तन) की बैठक हुई। बैठक में डॉ. वीरेंद्र दहिया में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे तंबाकू मुक्त युवा अभियान की समीक्षा की गई तथा जिले को पूर्ण रूप से तंबाकू मुक्त बनाने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की गई। वहीं, डॉ वीरेंद्र ने कहा कि गांवों में सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू सेवन, नाबालिगों को बिक्री तथा विज्ञापन पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सभी शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा। इसके लिए स्वयं मूल्यांकन स्कोर कार्ड के माध्यम से नियमित निरीक्षण किए जाएंगे। बैठक के एजेंडा में तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति व्यापक जागरूकता, कोटपा अधिनियम 2003 की जानकारी, विभिन्न विभागों द्वारा काटे गए चालानों की समीक्षा, तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान तथा तंबाकू मुक्त ग्राम पंचायतों की प्रगति शामिल रही। हर ग्राम पंचायत व प्रत्येक शिक्षण संस्थान को तंबाकू मुक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है। स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी सीएमओ डॉ. ललित वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय तंबाकू कार्यक्रम के नागरिकों को तंबाकू के दुष्परिणामों से अवगत करा कर उन्हें तंबाकू का त्याग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

## किशोरियों को लगेगी एचपीवी की एकल खुराक

**पानीपत।** जिला पानीपत में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए जिला स्तरीय कार्यबल की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शुभारंभ 28 फरवरी को प्रधानमंत्री द्वारा किया जाएगा। डॉ. दहिया ने कहा कि यह अभियान केवल स्वास्थ्य विभाग तक सीमित नहीं है, बल्कि सभी विभागों की साझा जिम्मेदारी है। तीन माह तक प्रतिदिन अभियान के रूप में टीकाकरण किया जाएगा, उसके बाद नियमित सत्र दिवसों में निर्धारित स्वास्थ्य संस्थानों पर टीकाकरण जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत 14 वर्ष आयु वर्ग की उन बालिकाओं को एकल खुराक दी जाएगी, जिनका जन्म एक मार्च 2011 से 28 फरवरी 2012 के बीच हुआ है। जिले में यह संख्या कुल जनसंख्या का लगभग 1 प्रतिशत है।

## खबर संक्षेप

### छत गिरी, तीन पशु घायल

**पानीपत।** इसराना क्षेत्र में मकान की छत गिरने से तीन पशु घायल हो गए। मकान मालिक इंद्र सिंह ने बताया कि छत के मलबे में एक भैंस, एक कटड़ी और एक कटरा दब गए। इनमें से भैंस को गंभीर चोटें आई हैं। छत गिरने की आवाज सुनकर पड़ोसी पंडित विक्रम सिंह तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने अन्य ग्रामीणों की सहायता से दबे हुए पशुओं को बाहर निकाला और उन्हें दूसरे सुरक्षित स्थान पर ले गए।

### नशे के विरुद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने वीरवार को नगर निगम के वार्ड नंबर 24 व 25 में डोर टू डोर जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों बारे बताकर नशे के खिलाफ जागरूक किया। पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने घर-घर जाकर लोगों को बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज पर भी इसका गंभीर प्रभाव पड़ता है। इसके मद्देनजर नागरिक हर तरह के नशे से दूर रहे।

### मारपीट करने वाले दो पकड़े

**पानीपत।** थाना किला क्षेत्र के मन मोहन नगर में राशिद का रास्ता रोक कर मारपीट करने मामलें में दो आरोपियों काबुली बाग कुटानी रोड निवासी नदीम उर्फ दुर्जन व प्रिंस उर्फ गंजा को गिरफ्तार किया है। वहीं, थाना किला प्रभारी सुरेश ने बताया कि इस मामले में थाना किला में मन मोहन नगर निवासी राशिद अली पुत्र नजरा की शिकायत पर केस दर्ज है।

### घर से डेढ़ लाख चोरी

**पानीपत।** पुराना औद्योगिक थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले काबड़ी रोड स्थित शनि मंदिर के पास स्थित सलिंद्र निवासी काबडी के घर से चोरों ने ताला तोड़कर वहां रखे 1.50 लाख रुपये की नकदी और सोने के जेवरात चोरी कर लिए। इधर, सलिंद्र की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस टीम ने जानलेवा हमलावर पकड़ा

**पानीपत।** थाना तहसील कैंप की इंदिरा विहार कॉलोनी निवासी रविंद्र पर पिस्तोल से जानलेवा हमला करने के फरार दूसरे आरोपी नवम निवासी इंदिर विहार कालोनी पानीपत को एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में थाना तहसील कैंप में नूरवाला की इंदिरा विहार कॉलोनी निवासी रविंद्र पुत्र अमर सिंह की शिकायत पर केस दर्ज है।

### जनगणना एक मई से शुरू होगी

**पानीपत।** जनगणना 2027 को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि जनगणना का प्रथम चरण 'हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग सेंसस' एक मई से प्रारंभ होगा। वहीं, उपायुक्त डॉ. दहिया ने बताया कि जनगणना के लिए ग्रामीण-शहरी फ्रेम को अंतिम रूप दे दिया गया है।

### राष्ट्रपति भवन का भ्रमण किया

**पानीपत।** हुडा सेक्टर छह स्थित एसडी इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय द्वारा एक शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन विद्यार्थियों ने दिल्ली के ऐतिहासिक अमृत उद्यान, संग्रहालय सहित राष्ट्रपति भवन की मुख्य इमारत को देखा। जहां देश की महान हस्तियों को पद्म पुरस्कार और परमवीर चक्र जैसे सम्मान राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किए जाते हैं।

### छात्राओं को जागरूक किया

**पानीपत।** राजकीय महिला महाविद्यालय गांव मतलौडा में महिला सशक्तिकरण, छात्रवृत्ति जागरूकता एवं इंटर्नशिप अवसरों विषय पर सेमिनार का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता कल्याणी एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट के चेयरमैन संदीप कल्याणी ने छात्राओं को शिक्षा, कौशल और आत्मनिर्भरता के महत्व के बारे में प्रेरणादायक जानकारी प्रदान की।

## अंत्योदय सिद्धांत को व्यवहार में उतारना ही संगठन का मूल ध्येय है : शर्मा



**पानीपत।** भाजपा की कार्यशाला में भाग लेते हुए पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

भाजपा के जिला कार्यालय श्याम कमल पर 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत कार्यशाला हुई। वहीं, प्रदेश संगठन महामंत्री फणींद्रनाथ शर्मा ने अपने संबोधन में कहा की भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है और भारत में पहली बार पंडित दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान भी विश्व का सबसे बड़ा प्रशिक्षण अभियान है जो 7 मार्च से 24 अप्रैल तक चलेगा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सिद्धांत को व्यवहार में उतारना ही संगठन का मूल ध्येय है।

**ये मौजूद रहे**

विशिष्ट अतिथि भारत भूषण जुयाल ने कहा कि भाजपा का संगठनात्मक ढांचा उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, भाजपा नेत्री मीना कुमारी, पूर्व मेयर अवनीत कौर, पानीपत प्रभारी अशोक गुर्जर, डॉ. हेमा रमन, मेयर कोमल सैनी, जिला परिषद चेयरमैन ज्योति शर्मा, नवीन भाटिया, अशोक कटारिया, चांद भाटिया, लोकेश नांगरू, रविंद्र भाटियाभाजपा नेत्री नेहा शर्मा, रेशमा राजपूत, अनिता चावला, नरेश बेनीवाल, ईश कुमार राणा, प्राण रत्नाकर, जिला मीडिया प्रभारी ओमदत आर्य, सुभाष क़बीरपंथी आदि ने भाग लिया।

# पूर्व सैनिक ने दी आत्मदाह की चेतावनी

- पुत्र की हत्या का आरोप लगाया सीबीआई जांच की मांग



**पानीपत।** पूर्व सैनिक वेद प्रकाश, तहसीलदार दलजीत सिंह को ज्ञापन देते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पूर्व सैनिक वेद प्रकाश गांव बापौली निवासी ने इकलौते बेटे की मौत मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग को लेकर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम नायब तहसीलदार दलजीत सिंह को ज्ञापन सौपा हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। वहीं, वेद प्रकाश ने कहा कि अगर उन्हें न्याय नहीं मिला तो वे आत्म दाह करने पर मजबूर होगे। उन्होंने आरोप लगाया कि उनका इकलोता बेटे राकेश रावल आठ सितंबर सन 2019 की सुबह बापौली से निंबरी रोड पर सैर करने गया था। वहीं, बापौली से करीब एक किलोमीटर दूर हनुमान अखाड़े के पास उनके राकेश की हत्या कर दी गई। जिसे पुलिस ने हादसा बताया था। उन्होंने न्याय की मांग की है।

### प्रवक्ताओं की वित्तीय पावर वापस ली

**पानीपत।** पानीपत में जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के सरकारी स्कूलों की प्रशासनिक और वित्तीय व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। नए आदेशों के तहत, जिन स्कूलों में प्रधानाचार्य के पद खाली हैं और प्रवक्ताओं को आहरण एवं वितरण अधिकारी नियुक्त किया गया था, उनके अधिकार तुरंत प्रभाव से रद्द कर दिए गए हैं। डीईओ ने स्पष्ट किया है कि रिक्त पद होने की स्थिति में अब प्रवक्ता वित्तीय शक्तियों का प्रयोग नहीं कर सकेंगे। इन शक्तियों को वापस लेकर नजदीकी स्कूलों के नियमित प्रधानाचार्यों को सौंपने की तैयारी की गई है।

### प्रतियोगिता में रिया व पायल प्रथम

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग की ओर से बी कॉम तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए लोगो डिज़ाइनिंग प्रतियोगिता करवाई। वहीं, प्रतियोगिता में रिया व पायल प्रथम, नेहा द्वितीय, नीतू व नैंसी तृतीय रहे। जबकि सांत्वना पुरस्कार खुशी ने प्राप्त किया। इधर, विजेताओं को प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक व विभागाध्यक्ष डॉ सुनित शर्मा ने पुरस्कृत किया।

# जेल में बंदियों के बीच हिंसक झड़प

- दो गंभीर रूप से घायल, पुलिस ने तीन पर केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत की जिला जेल में बंदियों के बीच वर्चस्व और पैसों के लेनदेन को लेकर हिंसक झड़प हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जेल में बंद हवालाती हिंमाशु उर्फ बनिया निवासी बलजीत नगर, अपने साथी राहुल अपनी बैरक में आराम कर रहे थे। जेल में ही बंदराजेश लक्ष्मण निवासी हिमाचल, रतन निवासी विद्यानंद कॉलोनी और रिजवान निवासी महादेव कॉलोनी पानीपत उनके पास आए। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने पुराने उधार के पैसों की मांग को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद इतना बढ़ा कि राजेश ने स्टील के गिलास से हिंमाशु के सिर पर जोरदार वार किया। राहुल के माथे पर भी गिलास से हमला किया गया। आरोपी रिजवान ने लकड़ी के टुकड़े से दोनों की पिटाई की, जबकि रतन ने उन्हें पकड़कर थप्पड़ और मुक्कों से वार किए। हमले के दौरान आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। चीख-पुकार सुनकर मौके पर तैनात ड्यूटी कर्मचारी और अन्य बंदियों ने बीच-बचाव कर उन्हें छुड़वाया। घायलों को पहले जेल के अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया।

## विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर निबंध-लेखन प्रतियोगिता आयोजित

# आर्य कॉलेज की छात्रा रितु रानी स्पर्धा में रही द्वितीय



**पानीपत।** आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता मेधावी कशिश व रितु को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय हिंदी विभाग के उपक्रम हिंदी साहित्य परिषद के विद्यार्थियों ने महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज, मुलाना के हिंदी विभाग व संस्थान नवाचार परिषद (आईआईसी) के संयुक्त तत्वावधान में विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय निबंध-लेखन प्रतियोगिता में सहभागिता की। वहीं, निबंध-लेखन का विषय 'हिंदी भाषा में रोज़गार के अवसर व चुनौतियां रहा। वहीं, विश्व हिंदी दिवस, दस जनवरी को अन्तर्राष्ट्रीय निबंध-लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसका परिणाम 24 फरवरी को घोषित किया गया। वहीं, आर्य कॉलेज की बीए तृतीय वर्ष की छात्रा रितु रानी ने प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर, वैश्विक पटल पर महाविद्यालय की छाप छोड़ी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.(डॉ.) जगदीश गुप्ता ने छात्रा रितु को बधाई देते हुए, उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। वहीं, उन्होंने यह भी बताया कि सरदार दलीप सिंह वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय (महाराष्ट्र) के हिंदी विभाग एवं महाराष्ट्र हिंदी प्रचार सभा(औरंगाबाद) के संयुक्त तत्वावधान में विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित ऑनलाइन राष्ट्रीय हिंदी निबंध-लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया था जिसमें आर्य कॉलेज की हिंदी परिषद के लगभग बीस सदस्यों ने सहभागिता निभाते हुए में बीए तृतीय वर्ष की होनहार छात्रा कशिश ने प्रथम स्थान प्राप्त कर, महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।

## वार्षिक होली महोत्सव का आयोजन 28 को

**पानीपत।** ओम गुरु शरणम परिवार द्वारा वार्षिक होली महोत्सव का आयोजन 28 फरवरी व 1 मार्च को तहसील कैंप के सुभाष नगर स्थित श्री दुःख भंजन दरबार में किया जा रहा है।



यह जानकारी देते हुए संत आनंद प्रकाश महाराज ने बताया कि 28 फरवरी को दोपहर 4 बजे के बाद पालकी में महाकाली को विराजमान कर शोभायात्रा दुःख भंजन दरबार कोहंड से शुरू की जाएगी जो शाम को सात बजे पानीपत के दुःख भंजन दरबार में पहुंचेगी। डांडिया नृत्य व श्री महाकाली जी का भव्य स्वागत होगा। तत्पश्चात भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सुदर्शन टॉवर्स से एसी कंप्रेशर की वॉयर चोरी

**अंबाला।** कैंट के पंजाबी मोहल्ला स्थित सुदर्शन टॉवर्स में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। गीता गोपाल चौक के पास स्थित इस बहुमंजिला इमारत में विभिन्न फाइनेंस कंपनियों और बैंकों के कार्यालय हैं। यहां करीब 18 एसी कंप्रेसर लगे हुए हैं। चोरों ने इन कंप्रेसर से कॉपर के वायर और पाइप चोरी कर लिए। सुबह जब स्टाफ कार्यालय पहुंचा तो एसी न चलने पर चोरी का पता चला। सुदर्शन टावर में मुथूट फिनकॉर्प, फेडबैंक फाइनेंशियल, महिंद्रा फाइनेंस और एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस जैसे बड़े संस्थानों के कार्यालय हैं। मुथूट फिनकॉर्प के शाखा प्रबंधक राहुल ने बताया कि रात चोरों ने परिसर में प्रवेश किया।

### शिविर में एसडीएम ने सुनी शिकायतें

**शहजादपुर।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शिवजीत भारती ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से मिले। शिविर के दौरान विभिन्न गांवों व वार्डों से आए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखीं।

## लोगों ने पूर्व मंत्री के समक्ष रखी बिजली बिलों की समस्या

# सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर होगा समाधान : गोयल

- अपने आवास पर पूर्व मंत्री असीम गोयल ने सुनी लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई के दिए आदेश
- उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान होगा।



अंबाला। लोगों की समस्याएं सुनते पूर्व मंत्री असीम गोयल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने वीरवार को अपने आवास पर विधानसभा के लोगों की समस्याओं पर सुनवाई के बाद कार्रवाई के आदेशा दिए। उन्होंने अधिकारियों से सभी शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई के निर्देश दिए। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने इस मौके पर यह भी कहा कि लोगों द्वारा विकास कार्यों से संबंधित जो कार्य बताए गए है उन्हें भी चरणबद्ध तरीके से करवाने का काम किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में भी निरंतरता में विकास कार्यों की ब्यार बह रही है। आगे भी विकास कार्यों को निरंतरता मे करवाते हुए अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र को और सुंदर एवं विकसित बनाने का काम किया जाएगा। इस दौरान लोगों ने बिजली बिलों, गलियों व नालियों के निर्माण कार्य, फिरनी बनवाने समेत बुनियादी समस्याओं का जिक्र पूर्व राज्यमंत्री के समक्ष किया। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने इस मौके पर लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान होगा।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन जसविंद्र सिंह उगाड़ा, गुरविंद्र सिंह मानकपुर, मनीष आनंद,अमन सूद,गुरजंट सिंह,भाजपा पदाधिकारी हितेष जैन, रितेश गोयल,संजीव गोयल टोनी, राजेश मेहत्ता, शोभा पुनिया, बीनू गर्ग,अशोक गुलाटी, अजय चावला,मुकेश शर्मा,शेर सिंह,अमरजीत सिंह,रघुबीर सिंह, रोमी ग्रोवर के साथ-साथ भाजपा पार्टी के अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

### गांव जंधेड़ी-सेगता में बढ़ा भाजपा का कुनबा

**अंबाला।** अंबाला शहर में भारतीय जनता पार्टी को दिन प्रतिदिन मजबूती मिल रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्यशैली और अंबाला शहर में पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रयासों से हो रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर आज सेगता और जंधेड़ी गांव से कई लोग भाजपा में शामिल हुए। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने सभी को भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल करवाया। गांव सेगता से कर्मवीर सिंह,गगन शर्मा,वकील कुमार, जसवीर सिंह भाविक सिंह,जीतराम,सुभाष सिंह और गांव जंधेड़ी से कुलदीप सिंह,संजीव कुमार,अभिषेक, करनैल सिंह भाजपा में शामिल हुए।

## टी शर्ट उतारकर प्रदर्शन करने वाले युवा कांग्रेसियों की मेडिकल जांच

- कड़ी सुरक्षा के बीच आरोपियों को अंबाला शहर लेकर पहुंची थी दिल्ली पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान टी-शर्ट उतारकर विरोध जताने के मामले में गिरफ्तार किए गए राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के तीन कार्यकर्ताओं कार दिल्ली पुलिस ने अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल में मेडिकल जांच करवाई। कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस सुबह 8:30 बजे तीनों कार्यकर्ताओं को लेकर अंबाला शहर पहुंची थी।

हिमाचल में गिरफ्तारी को लेकर हुए भारी हंगामे व राजनीतिक विवाद के बाद सुरक्षा की दृष्टि से दिल्ली पुलिस की टीम तीनों कार्यकर्ताओं उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर वासी अरबाज, सौरव व सिद्धार्थ को को यहां लेकर आई थी। मेडिकल प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुलिस टीम उन्हें लेकर दिल्ली के लिए रवाना हो गई। इस टीम में एसीपी राहुल विक्रम सहित अन्य पुलिस अधिकारी शामिल थे। आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड के लिए जिला कोर्ट में पेश किया जाएगा। तीनों पर दिल्ली एआई समिट में प्रदर्शन करने का आरोप है। तीन आरोपी हिमाचल में थे। दिल्ली पुलिस ने चार गाड़ियों में पहुंचने के बाद कार्यकर्ताओं को एक कांग्रेस नेता के निजी होटल से काबू किया था। इस गिरफ्तारी के बाद हिमाचल पुलिस ने टीम का विरोध किया था।

### प्रशासन ने 20 कनाल भूमि का कब्जा सौंपा



**बराड़ा।** उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) की अदालत के आदेशों की अनुपालना करते हुए ग्राम पंचायत अधोया हिंदूवान से जुड़ी 20 कनाल भूमि के लंबे समय से चल रहे विवाद पर प्रशासन ने कार्रवाई कर कब्जा संबंधित पक्ष को सौंप दिया। यह मामला वर्ष 2020 से दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 145-146 के तहत विचाराधीन था। न्यायालय के 15 जनवरी के फैसले तथा 6 फरवरी के आदेशों के अनुपालन में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को रिसीवर नियुक्त किया गया था। बीडीपीओ-सह-रिसीवर सुशील मंगला की अगुवाई में प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची। नियमानुसार कार्रवाई करते हुए भूमि का ताला खुलवाकर कब्जा संबंधित पक्ष को सौंप दिया। कार्रवाई के दौरान सरपंच ग्राम पंचायत अधोया, खंड पटवारी धूप सिंह, एसईपीओ शुभम, ग्राम सचिव सुनील सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासनिक देखरेख में पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न कराई गई। उल्लेखनीय है कि पांच वर्षों से लंबित इस भूमि विवाद को लेकर क्षेत्र में लगातार चर्चा बनी हुई थी।

## प्रदेश के 298 सरकारी स्कूलों में एक भी नियमित शिक्षक नहीं

**विधायक पूजा ने विधानसभा में उठाए गंभीर सवाल, कहा भाजपा राज में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चौपट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बराड़ा

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी को लेकर कांग्रेस विधायक पूजा चौधरी ने विधानसभा में सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 298 राजकीय विद्यालय ऐसे हैं जहां एक भी नियमित अध्यापक तैनात नहीं है, जबकि 1051 स्कूलों में केवल एक ही नियमित शिक्षक के सहारे पढ़ाई चल रही है। उन्होंने इसे प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था के लिए "गंभीर चिंता का विषय" बताया।

विधानसभा में पूछे गए सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने सदन पटल पर जानकारी रखते हुए बताया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र में राजकीय विद्यालयों में कुल 21,55,687 छात्र नामांकित हैं। इनमें से 7,94,280 छात्र अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग से संबंधित हैं। शिक्षा मंत्री के अनुसार पहली से पांचवीं कक्षा तक 27 विद्यार्थियों पर एक शिक्षक, छठी से आठवीं तक 18 विद्यार्थियों पर एक शिक्षक तथा नौवीं से बारहवीं तक 22 विद्यार्थियों पर एक शिक्षक का अनुपात है। जहां शिक्षकों की कमी है, वहां आंतरिक समायोजन के जरिए कार्य चलाया जा रहा है। साथ ही जल्द ही ऑनलाइन ट्रांसफर ड्राइव शुरू करने तथा हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग व हरियाणा लोक सेवा आयोग के माध्यम से नियमित भर्ती और पदोन्नति द्वारा रिक्त पद भरने की बात कही गई।



बराड़ा। विधानसभा में शिक्षकों की कमी का मुद्दा उठाते हुए विधायक पूजा चौधरी।

सरकार की ओर से दी गई जानकारी पर प्रतिक्रिया देते हुए विधायक पूजा चौधरी ने कहा कि जब सैकड़ों स्कूलों में नियमित शिक्षक ही नहीं है तो बेहतर शिक्षा की कल्पना कैसे की जा सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षकों से जनगणना व अन्य गैर-शैक्षणिक कार्य कराए जाते हैं, जिससे पढ़ाई प्रभावित होती है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार नए स्कूल खोलने के बजाय हजारों स्कूलों को बंद करने का काम कर रही है। कई विद्यालयों में पीने के पानी, शौचालय और खेल मैदान जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। विधायक ने सवाल उठाया कि यदि शिक्षा व्यवस्था ही कमजोर रहेगी तो "विश्वगुरु" बनने का दावा कैसे पूरा होगा? विधायक ने सरकार से मांग की कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए जल्द से जल्द पर्याप्त संख्या में शिक्षकों की भर्ती की जाए और स्कूलों में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो सके।

### संचार कौशल में सुधार के लिए अपनाएं व्यावहारिक रणनीतियांः डॉ. गांधी

**यमुनानगर।** मुकंदलाल नेशनल कालेज यमुनानगर में अंग्रेजी विभाग के तत्वावधान में संचार कौशल विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्यवक्ता के रुप में ज्योतिबा फुले राजकीय कालेज रादौर के प्रोफेसर डॉ. संजीव गांधी ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता कालेज के प्राचार्य डॉ. अनिल धवन ने की।

मुख्य वक्ता एवं ज्यातिबा फुले राजकीय कालेज रादौर के प्रोफेसर डॉ. संजीव गांधी ने विद्यार्थियों को वर्तमान में प्रतिस्पर्धी दुनिया में प्रभावी संचार के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में संचार कौशल में सुधार के लिए व्यावहारिक रणनीतियां अपना बेहद जरूरी है। मौके पर उन्होंने संचार के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। कालेज प्राचार्य डॉ. अनिल धवन ने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों में निरंतर कौशल विकास की आवश्यकता पर बल दिया।

## चार एकड़ में आबाद हो रही थी दो अवैध कॉलोनियां, ढहाए निर्माण

- प्रॉपर्टी डीलर लोगों को अवैध कॉलोनियों के रेगूलर होने का झांसा देकर प्लाट बेच रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

जिला नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा नियंत्रित क्षेत्र शहजादपुर में अवैध रूप से विकसित की जा रही एक अवैध कालोनी में तोड़-फोड़ की कार्यवाही अमल में लाई गई। इस दौरान करीब 3 एकड़ में अवैध रूप से विकसित की जा रही कालोनी में बनी हुई सड़कों के जाल तथा नीवों को पूर्ण रूप से धवस्त कर दिया गया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट कम जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान, पटवारी नेत्र शर्मा, कनिष्ठ अभियंता अभिषेक व पुलिस बल के साथ उपस्थित थे। जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने आमजन से अपील की है कि भूमालिक व प्रॉपर्टी डीलर लोगों को अवैध कॉलोनियों के रेगूलर होने का झांसा देकर प्लाट बेच रहे हैं। उन्होंने लोगों से कहा कि वे ऐसे किसी भी झांसे में न आएं। अवैध कॉलोनियों में प्लाट न केवल खरीदना बल्कि किसी भी तरह का निर्माण करना भी पूरी तरह से गैरकानूनी है। उन्होंने कहा कि अगर किसी ने चेतावनी के बावजूद ऐसी कॉलोनियों में प्लाट खरीदकर निर्माण करने का प्रयास किया तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



अंबाला। कॉलोनियों में हुए अवैध निर्माण को ढहाती जेसीबी।

## बोर्ड परीक्षाओं को लेकर सख्ती फील्ड में उतरे अफसर

- नकलरहित परीक्षा को लेकर प्रशासन की ओर से किए गए हैं पुख्ता बंदोबस्त, सीएम के निर्देश के बाद केंद्रों पर रखी जा रही है नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा आयोजित करवाई जा रही 10वीं की परीक्षा को लेकर नगराधीश अभिषेक गर्ग ने सीनियर सैकेंडरी स्कूल जलबेड़ा, माजरी व दुराना में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने यहां शिक्षा विभाग की ओर से की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नगराधीश ने मौके पर उपस्थित सेंटर अधीक्षक से विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने इस मौके पर सुरक्षा की दृष्टि से परीक्षा केंद्रों पर पुलिस की व्यापक व्यवस्था हो इसकी भी जानकारी ली। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर मौजूद अधिकारियों और पुलिस कर्मचारियों को निर्देश दिये कि परीक्षा के दौरान सतर्कता बरती जाए और किसी भी प्रकार की अनियमितता न होने दी जाए। कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि परीक्षाएं पूरी तरह से नकल रहित संपन्न हो।

## तैनात पुलिस कर्मचारियों को पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बराड़ा

10वीं व 12वीं की वार्षिक बोर्ड परीक्षाओं को पारदर्शी और नकलरहित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। सीएम नायब सिंह सैनी ने वीसी के माध्यम से अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षाएं निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी वातावरण में कराई जाएं। मुख्यमंत्री के निर्देशों की अनुपालना में एसडीएम सतिंद्र सिवाच, डीएसपी सुरेश कुमार तथा निरीक्षण टीम ने वीरवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित 10वीं कक्षा की परीक्षा के तहत बनाए गए विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण टीम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अधोया तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उगाला में स्थापित परीक्षा केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने भवन, कक्षाओं, दीवारों और आसपास के वातावरण का निरीक्षण किया। एसडीएम ने केंद्र अधीक्षक से परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों की संख्या, उपस्थिति और परीक्षा संचालन से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने पूछा कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की समस्या तो नहीं आ रही। केंद्र अधीक्षक ने सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित होने की जानकारी दी। सुरक्षा व्यवस्था का विशेष रूप से निरीक्षण करते हुए एसडीएम ने केन्द्रों पर तैनात पुलिस बल को पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता, अव्यवस्था या नकल की घटना को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



बराड़ा। परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए अधिकारी।

### ऊर्जा मंत्री अनिल विज के स्वास्थ्य का हाल जानने पहुंचे स्वामी ज्ञानानंद महाराज



**अंबाला।** प्रदेश के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के आवास पर आज गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने पहुंच उनका हालचाल जाना और उनके जल्द स्वस्थ होने की मंगल कामना की। मंत्री अनिल विज, उनके भाई राजिंद्र विज व दामाद अतुल महेंद्रू ने स्वामी ज्ञानानंद महाराज का यहां पहुंचने पर सम्मान पूर्वक उन्हें शॉल भेंटकर स्वागत सत्कार किया। विज का हालचाल जानने के लिए प्रदेश ही नहीं अन्य प्रदेशों से भी लोग प्रतिदिन उनके आवास पर पहुंच रहे हैं। बार एसो से पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट दिलबाग सिंह दानीपुर, पुनीत सरपाल, ललित शर्मा, विजय सहित बड़ी संख्या में वकीलों ने पहुंच उनका हालचाल जाना और मंत्री अनिल विज के जल्द स्वस्थ होने की मंगलकामना की। इसी प्रकार, नप अंबाला सदर की अध्यक्ष स्वर्ण कौर के साथ नप सदस्य रेणु चौहान, भोली बिंद्रा, रितु शर्मा, प्रियंका, नीतू, शशि लोगिंया, रीना, विद्युत बोर्ड की निदेशक आरती सहगल व अन्य ने मंत्री अनिल विज का हालचाल जाना। इंडस्ट्री एसो से सुभाष, अनिल बहल सहित अन्य उद्योगपतियों ने हालचाल जाना जबकि सदर बाजार से अशोक जैन, संजीव बिंदल सहित कई दुकानदारों के अलावा जीएमएन कालेज के प्रिंसिपल डॉ. रितेश दत्त, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता वीरेंद्र सिंह चौहान आदि ने विज के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

## पूर्ण गणवेश में 1000 स्वयंसेवक करेंगे शक्ति प्रदर्शन, भागवत करेंगे संवाद

**कार्यक्रम की तैयारियां पूरी, अंबाला के बाद कुरुक्षेत्र करेंगे प्रस्थान**

- मोहन भागवत 27-28 फरवरी को अंबाला व कुरुक्षेत्र के स्वयंसेवकों से मुलाकात करेंगे
- दो घंटे के कार्यक्रम में 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग के अपेक्षित स्वयंसेवक एवं व्यवस्था में लगे अन्य 40 स्वयंसेवक भाग लेंगें
- वे करीब 1000 तरुण स्वयंसेवकों से सीधा संवाद करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मोहन भागवत 27-28 फरवरी को अंबाला व कुरुक्षेत्र के स्वयंसेवकों से मुलाकात करेंगे। संघ के प्रदेश प्रचार प्रमुख राजेश कुमार ने बताया कि सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का अंबाला शहर में पहला कार्यक्रम 27 फरवरी को होगा।

पुलिस लाइन मैदान में शाम 5 बजे से 7 बजे तक आयोजित होगा। यहां एकत्रीकरण में वे करीब 1000 तरुण स्वयंसेवकों से सीधा संवाद करेंगे। कार्यक्रम में पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवक शक्तिप्रदर्शन भी करेंगे। इसके लिए अंबाला कैंट और सिटी की शाखाओं से स्वयंसेवकों को बुलाया गया है। कार्यक्रम में सिर्फ निमंत्रित स्वयंसेवकों को ही जाने की अनुमति रहेगी। दो घंटे के कार्यक्रम में 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग के अपेक्षित स्वयंसेवकों एवं व्यवस्था में लगे अन्य 40 स्वयंसेवकों भाग लेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सायं साढ़े पांच बजे ध्वजारोहण से होगी। इसके बाद प्रार्थना, शारीरिक प्रदर्शन, सामूहिक गीत, परिचय, अमृत वचन, एकल गीत तथा उद्बोधन का क्रम रहेगा। कार्यक्रम के समापन के बाद सरसंघचालक कुरुक्षेत्र के लिए प्रस्थान करेंगे। जिला संघचालक प्रदीप खेड़ा ने बताया कि अंबाला की धरती पर पांच सरसंघचालक आ चुके हैं। इनमें आरएसएस के संस्थापक डॉ. केशव बलराम हेड़गेवार, श्री गुरुजी, राजेंद्र सिंह रज्जूभैया, केएस सुदर्शन शामिल हैं। वर्ष 2017-18 में साहा के तेपला में आयोजित द्वितीय संघ शिक्षा वर्ग में सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत भी शामिल हुए थे।

**ठगी** परिवादियों से लाखों लेकर न तो नौकरी दिलवाई, न ही पैसे वापस किए

# सरकारी नौकरियां दिलवाने का लालच देने वाले दो शातिर ठग दबोचे, एक रिमांड पर

- आरोपियों ने पीड़ितों को सरकारी और प्रतिष्ठित संस्थानों में नौकरी का झांसा देकर लाखों ऐंठे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

पुलिस ने 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत कार्य करते हुए नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले दो अलग-अलग गिरोहों के आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों ने पीड़ितों को सरकारी और प्रतिष्ठित संस्थानों में नौकरी का झांसा देकर लाखों रुपए ऐंठे थे। पहला मामला थाना मुलाना पुलिस ने दर्ज किया था। यहां पुलिस ने आरोपी हिमाचल प्रदेश के सोलन वासी हेमंत कुमार को चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया है। आरोपी पर गांव धनौरा के रजत से 2 लाख 20 हजार रुपए ठगने का आरोप है। रजत ने 3 जनवरी 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी 1 आरोपी ने पीड़ित को पीजीआई चंडीगढ़ में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी लगवाने का लालच दिया था। पैसे लेने के बाद आरोपी न तो नौकरी लगवा सका और न ही उसने पैसे वापस किए। वह लगातार पीड़ित को गुमराह करता रहा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। यहां उसे पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया। धोखाधड़ी का दूसरा मामला सेक्टर 9 थाना पुलिस का है। यहां पुलिस ने पंजाब के मानसा वासी लवप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। सैनिक विहार जंडली के सागर ने 17 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी कि लवप्रीत सिंह और उसके साथियों ने उसे नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी की। इस मामले में भी न नौकरी मिली और न ही रकम वापस की गई। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी को दबोच लिया और उसके कब्जे से ठगी की नकदी बरामद की है। जांच में सामने आया है कि आरोपी लवप्रीत सिंह के खिलाफ पंजाब में भी धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं। आरोपी को अदालत ने जेल भेजने के आदेश जारी कर दिए हैं।



### किसी के झांसे में न आएं

पुलिस आम जनता से अपील करती है कि किसी भी अनजान व्यक्ति के नौकरी लगवाने के झांसे में न आएं। नौकरी के लिए केवल आधिकारिक वेबसाइटों और सरकारी प्रक्रियाओं का ही पालन करें। यदि कोई आपसे नौकरी के बदले पैसों की मांग करता है, तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाने में सूचित करें।